दिनांक: 29.04.2024 समय : 01:00 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर से

निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव के छठे चरण के लिए अधिसूचना जारी कर दी है। इसके साथ ही नामांकन भरने की प्रक्रिया शुरू हो गयी है। इस चरण में छह राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश की 57 लोकसभा सीटों पर 25 मई को वोट डाले जाएंगे।
इस बीच, केंद्रीय मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता राजनाथ सिंह ने आज उत्तर प्रदेश के लखनऊ लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से अपना नामांकन दाखिल किया। इस दौरान उनके साथ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और भाजपा के कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। श्री सिंह ने नामांकन से पहले लखनऊ में रोड शो किया। केंद्रीय मंत्री और भाजपा नेता स्मृति ईरानी भी आज ही उत्तर प्रदेश की अमेठी सीट से अपना नामांकन भर रही हैं। वर्ष 2019 में श्रीमती ईरानी ने इस सीट से कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को हराया था।

....

खान मंत्रालय महत्वपूर्ण खनिजों के संबंध में आज से नई दिल्ली में एक सम्मेलन आयोजित कर रहा है। दो दिन के इस सम्मेलन में महत्वपूर्ण खनिजों के संबंध में सहयोग बढ़ाने, ज्ञान साझा करने और नवाचार को बढ़ावा देने पर मंथन किया जाएगा। मंत्रालय ने बताया कि यह सम्मेलन भारत की तीव्र आर्थिक प्रगति और स्वच्छ ऊर्जा लक्ष्यों को देखते हुए आयोजित किया जा रहा है। इस सम्मेलन में उद्योग जगत, स्टार्ट–अप, वैज्ञानिकों, शिक्षाविदों और नीति विशेषज्ञों के अलावा दुनियाभर से खनिज से जुड़े लोग शामिल हो रहे हैं।

....

जयपुर सहित देश के कई हवाई अड्डों को बम से उड़ाने की धमकी के मामले में केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल और राजस्थान पुलिस की ओर से तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। जयपुर एयरपोर्ट की ईमेल पर आज सुबह फिर एक ओर धमकी भरा मेल मिला। मामले की गंभीरता को देखते हुए सुरक्षा एजेंसियां भी सतर्क हो गयी हैं।

....

प्रदेश में कल से शुरू होने वाली पांचवीं बोर्ड की परीक्षाओं की सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। मुख्य नियंत्रण कक्ष बीकानेर में बनाया गया है। चार मई तक चलने वाली परीक्षाओं में पौने 15 लाख विद्यार्थी भाग लेंगे। शिक्षा विभाग ने इसके लिए राज्यभर में साढे 18 हजार से अधिक परीक्षा केन्द्र बनाए हैं। ये परीक्षा सुबह आठ से दस बजे तक ली जाएगी।

....

बेहरूपीया कलाकार जानकी लाल का आज पैतृक शहर भीलवाडा आने पर स्वागत किया गया। उन्हें पिछले दिनों नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पद्मश्री पुरस्कार से सम्मनित किया था। उनकी इस उपलब्धि पर समूचे जिले में उल्लास देखा गया। अपने स्वागत सम्मान में जानकी लाल ने भारत सरकार की प्रशंसा करते हुए कहा कि वे आगे भी मेहनत के साथ अपनी कला के जरिये लोगों को मनोरंजन करते रहेंगे।

....

भीलवाड़ा में आसींद के कटार गांव के जंगलों में पैंथर दिखाई देने पर ग्रामीणों में दहशत का माहौल बन गया है। ग्राम वासियों की सूचना पर वन विभाग की टीम ने क्षेत्र में पिंजरा लगाया है और पैंथर को पकड़ने की कोशिशें की जा रही हैं।

....

मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना में पॉलिसी वैद्यता अवधि कल 30 अप्रैल को समाप्त हो रही है। इंश्योरेंस कम्पनी ने कल तक पॉलिसी का नवीनीकरण करवाने का आग्रह किया है। पॉलिसी नवीनीकरण होने पर ही पात्र परिवारों को 1 मई से अगले साल तक के लिए स्वास्थ्य बीमा योजना

का लाभ मिल सकेगा। योजना में पॉलिसी का नवीनीकरण ई–मित्र के माध्यम से या स्वयं की एसएसओ आईडी द्वारा किया जा सकता है।

....

प्रदेश में पिछले 24 घंटों में बीकानेर, श्रीगंगानगर और हनुमानगढ़ जिलों में मेघगर्जन के साथ कहीं–कहीं हल्की बारिश दर्ज की गई है। मौसम विभाग के अनुसार बीकानेर संभाग में बारिश की गतिविधियां आज भी बनी रहने की उम्मीद है। विभाग के अनुसार अगले दो दिन में उत्तरी हवाओं के प्रभाव से न्यूनतम और अधिकतम तापमान में गिरावट होने की संभावना है। इस बीच, अगले महीने के पहले सप्ताह से एक कमजोर पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से पश्चिमी और उत्तरी जिलों में कहीं–कहीं मेघगर्जन के साथ हल्की बारिश होने की संभावना है।

....

अजमेर के महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय द्वारा संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों की मुख्य परीक्षा के आवदेन की आखिरी तारीख छह मई तक बढा दी है। विश्वविद्यालय की विज्ञप्ति के अनुसार विद्यार्थी अब बिना विलम्ब शुल्क के नियत तिथि तक ई मित्र के जरिये ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

....